हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 6 जुलाई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

11 भारी बारिश के बीच निगम मुस्तैद, जल भराव वाले ...



12 18 घंटे की मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित



## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**धमतरी।** पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक सोमवार 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे पेंशनर्स एसोसिएशन भवन धमतरी में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नाग एवं सचिव मोतीलाल हिरवानी ने सभी पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों से उपस्थिति की अपील की है।

### छग पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 8 जुलाई को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन (तहसील कार्यालय के पास) धमतरी में आयोजित की गई है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन एवं 20 जुलाई को प्रांतीय आह्वान पर धरना प्रदर्शन, आयकर संबंधी जानकारी तथा संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, लक्ष्मणराव मगर, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, अरूण कुमार गौर, गणेशराव पवार, बलवंत राव पवार, झुमुकलाल साहू, सेवकराम नेले, लालाराम मगेन्द्र, चन्द्रभान चन्द्राकर ने की है। यह जानकारी सचिव ईश्वरीदयाल साहू ने दी है।

# हाथियों की लीद बना प्राकृतिक बीज भंडार

## उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व ने की एलीफेंट, हार्न बिल रेस्टोरेंट की अभिनव पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

हाथियों की लीद में अंकुरित विभिन्न प्रजाति के पौधों का उदंती सीतानदी के जंगल में संवर्धन होगा। यूएसटीआर ने एआई आधारित हाथी ट्रैकिंग कार्यक्रम को पारिस्थितिक पुर्नस्थापन के अनूठे अभियान में परिवर्तित किया है। इसे वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक अभिनव पहल माना जा रहा है। यह पहल छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य गौरव निहलानी के सहयोग एवं सुझाव से प्रारंभ की गई है, जो दर्शाती है कि आधुनिक तकनीक, स्थानीय समुदाय एवं प्रकृति मिलकर जैव विविधता को सुदृढ़ कर सकते हैं।





### वर्षभर प्राकृतिक भोजन मिलेगा



हार्नबिल पक्षियों के लिए भी भोजन उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय हार्नबिल ट्रैकर्सों की मदद से विभाग द्वारा तीन माह से केरमेट्टा, पाकड़, पीपल, बरगद, जंगली जामुन आदि फलदार प्रजातियों के बीज एकत्रित किए जा रहे हैं। इन बीजों को तैयार कर उपयुक्त वन क्षेत्रों में लगाया जाएगा ताकि हार्नबिल रेस्टोरेंट विकसित किए जा सके। इससे हार्नबिल ही नहीं अनेक फलभक्षी पक्षियों एवं वन्यजीवों को भी वर्षभर प्राकृतिक भोजन उपलब्ध होगा।

### हाथियों की निगरानी से वन पुनर्जीवन तक

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में मौजूद 40 से अधिक जंगली हाथियों की सतत निगरानी की जाती है। इसके लिए स्थानीय ग्रामीणों को एलीफेंट ट्रैकर्स के रूप में नियुक्त किया गया है। ये ट्रैकर्स सीजी एलीफेंट ट्रैकिंग एवं अलर्ट एप के माध्यम से हाथियों के वास्तविक समय का लोकेशन दर्ज करते हैं जिससे आसपास के ग्रामीणों को समय पर चेतावनी मिलती है। इससे हाथी-मानव संघर्ष की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। लगभग 2500 फीट से अधिक ऊंचाई वाले दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में कार्यरत एलीफेंट ट्रैकर्स अब वन संरक्षण में एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हाथियों के पारम्परिक आवागमन मार्गों पर पड़ी ताजी लीद का संग्रह कर उसमें प्राकृतिक रुप से अंकुरित हो रहे पौधों को सुरक्षित निकाला जा रहा है। हाथी विभिन्न प्रकार के फलों का सेवन करते है जिससे उसकी लीद में उपस्थित बीज प्राकृतिक रुप से अंकुरण के लिए उपयुक्त अवस्था में होते हैं। मैदानी निरीक्षण के दौरान हाथियों की लीद में आम, कुम्ही, केरमेट्टा के पौधे उगे हुए पाए गए हैं। अंकुरित पौधों को सुरक्षित स्थानों में प्रतिरोपित कर एलीफेंट रेस्टोरेंट विकसित किया जा रहा है। जहां भविष्य में हाथियों को उनकी पसंद का भोजन उपलब्ध हो सकेगा।

## लंबे इंतजार के बाद मानसून सक्रिय, किसानों ने ली राहत की सांस

# एक दिन की बारिश से खेत खलिहान लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एक दिन की बारिश से खेत खलिहान लबालब हो गए हैं। ज्यादा पानी भरने से खेती काम रविवार को बंद रहा। अब किसानों को रोपाई और लाईचोपी पद्धति से बोनी करने के लिए खेतों में पानी कम होने का इंतजार है।


लंबा इंतजार कराने के बाद रविवार को मानसून सक्रिय हुआ। शनिवार रात से बारिश शुरू हुई, जो रविवार को दिनभर चलती रही। एक दिन की बारिश से ही खेत खलिहान भर गए। भरी बरसात में सुबह से किसान खेत पहुंच गए थे, लेकिन खेतों में इतना पानी भर गया है कि कुछ काम करते नहीं बना। अब किसान खेतों से पानी की निकासी व्यवस्था में जुट गए हैं। सोमवार से खेती किसानी रफ्तार पकड़ेगी। वहीं जिन किसानों ने खुर्रा बोनी कर रखी है, उन किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है। किसानों ने बताया कि खेतों से पानी निकलने के बाद बीज में अंकुरण आएगा।



### पूरे जिले में झमाझम बारिश

सुबह 8 बजे तक अच्छी बारिश हो चुकी थी। तहसीलवार स्थिति देखें तो धमतरी में 73 मिमी, कुरूद में 4.5 मिमी, मगरलोड में 45.5 मिमी, नगरी में 42.2 मिमी, भखारा में 51.7 मिमी, कुकरेल में 49 मिमी और बेलरगांव में 39 मिमी बारिश हो चुकी थी। अब तक पूरे जिले में 235.8 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। यह आंकड़ा सुबह 8 बजे तक का है। इसके बाद भी जिले में बारिश का सिलसिला चलता रहा।

### गंगरेल में जलभराव शुरू



गंगरेल बांध में इस बारिश में पहली आवक शुरू हो गई है। सुबह की स्थिति में बांध में 2460 क्यूसेक पानी की आवक दर्ज की गई थी। इसके बाद से लगातार आवक में बढ़ोत्तरी हो रही है। सोंढूर बांध में भी 326 क्यूसेक पानी की आवक हो रही थी। उल्लेखनीय है कि गंगरेल बांध में पहले से 46.67 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। माड़मसिल्ली में 44.93 प्रतिशत, दुधावा बांध में 72.74 और सोंढूर बांध में 65.90 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। अच्छी बारिश लगातार होती है तो जल्द ही बांध भर जाएंगे।

## मध्य छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा की संभावना

- 8 जुलाई से वर्षा की तीव्रता तथा फैलाव में आएगी कमी

**धमतरी।** आसमान ताक रहे किसानों को मानसून ने बड़ी राहत दी है। शनिवार रात से रविवार दोपहर तक हुई अनवरत बारिश से खेत-खलिहान लबालब हो गए हैं। मौसम विभाग ने आगामी दो दिन तक और बारिश होने की संभावना बताई है।

मौसम विज्ञान विभाग रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी इससे सटे उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तट पर अवदाब बना हुआ है। इसके प्रभाव से अगले 48 घंटे में मध्य छत्तीसगढ़ की अधिकांश जगहों पर वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी और कुछ जगहों पर सीमांत भारी वर्षा होने की संभावना है। 8 जुलाई से पूरे प्रदेश में वर्षा की तीव्रता और फैलाव में कमी आने की संभावना है।

### जिले में मध्यम से भारी बारिश

शनिवार रात से रविवार दोपहर तक धमतरी और कुरूद तहसील में 7 सेंटीमीटर बारिश हुई है। भखारा, कुकरेल तथा मगरलोड तहसील में 5.5 सेमी तथा बेलरगांव और नगरी तहसील में 4.4 सेमी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार 0.1 से 2.4 मिमी बारिश को अति हल्की वर्षा माना जाता है। 2.5 से 15.5 मिमी वर्षा को हल्की, 15.6 से 64.4 मिमी वर्षा को मध्यम, 64.5 से 115.5 मिमी वर्षा को भारी बारिश, 115.6 से 204.4 मिमी को बहुत भारी तथा 204.5 मिमी से अधिक वर्षा को सीमांत भारी के केटेगिरी में रखा गया है।

### मौसमी द्रोणिका उत्तरी छग के ऊपर

दक्षिण-पश्चिम राजस्थान से मध्य-पूर्वी बंगाल की खाड़ी मध्यप्रदेश उत्तरी छग, उत्तरी ओडिशा, उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी, ओडिशा पश्चिम बंगाल के तट तक मौसमी द्रोणिका समुद्रतल से 1.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है। उत्तर: पश्चिम बंगाल की खाड़ी, उत्तरी ओडिशा पश्चिम बंगाल के तटों पर बना अवदाब, पश्चिम: उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। 24 घंटे के दौरान अवदाब उत्तरी ओडिशा और उत्तरी छत्तीसगढ़ को पार करने की संभावना है।



## खबर संक्षेप



### उपमुख्यमंत्री से नई सड़क एवं नाली निर्माण की मांग

**पुरी।** जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष पालनहार दिली ने ग्राम पंचायत छाती की नेशनल सड़क से लेकर मंडी रोड तक जर्जर सड़क को नया बनाने एवं नाली निर्माण की मांग को लेकर अरुण साव उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण विभाग के मंत्री से मुलाकात की। श्री साव ने जल्द बनाने का आश्वासन दिया है।

### विशेष प्रवेश परीक्षा में 22 छात्र हुए शामिल

**दुर्गुकोंदल।** एजुकेशन हब एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए रविवार को विशेष प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए अंतिम अवसर थी, जो 29 जून को आयोजित मुख्य प्रवेश परीक्षा में किसी कारणवश शामिल नहीं हो सके थे। परीक्षा का आयोजन पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस दुर्गुकोंदल में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में हुआ।

## निधन

### कार्तिकराम साहू

**धमतरी।** ग्राम कोर्रा (भरवारा) निवासी कार्तिकराम साहू 81 वर्ष का 3 जुलाई को निधन हो गया। उनका



अंतिम संस्कार गृहग्राम कोर्रा में किया गया। दिवंगत अपने पीछे पत्नी धनसरी साहू, पुत्र घनश्याम साहू, रामकुमार साहू एवं ताजेन्द्र कुमार साहू, पुत्री दुर्गा साहू सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनके अन्त्येष्टि कार्यक्रम में सामाजिक एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# प्रवेशोत्सव : पालकों की भागीदारी से शिक्षा को मिलेगा नया आयाम

## ग्राम रैली से सामूहिक भोज तक, सेजेस सिंगपुर में धूमधाम से मनेगा स्कूल तिहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सेजेस सिंगपुर में 7 जुलाई को शाला प्रवेशोत्सव को स्कूल तिहार के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। समिति के नए अध्यक्ष डिगेंद्र निर्मलकर एवं एसएमडीसी सदस्य लोमेश्वर साहू ने जानकारी देते हुए बताया इस अवसर पर सुबह 9 बजे विद्यालय परिसर से स्कूली बच्चों, पालकों और ग्रामीणों की सहभागिता में आकर्षक ग्राम रैली निकलेगी।

पारंपरिक वेशभूषा और बाजे-गाजे के साथ निकाली जाने वाली रैली के माध्यम से लोगों को बच्चों के नियमित विद्यालय प्रवेश और शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। रैली के बाद विद्यालय परिसर में सामूहिक भोज तथा मंचीय कार्यक्रम आयोजित होगा। मंचीय कार्यक्रम के अतिथि पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, संयुक्त कलेक्टर डॉ. कल्पना ध्रुव, विद्या भारती के पूर्व प्रादेशिक सचिव एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य विवेक सक्सेना, लक्ष्मण राव मगर प्रादेशिक सचिव विद्या भारती होंगे।



### माताओं की पहल पर नोनी बाबू वंदन योजना की घोषणा

मंचीय कार्यक्रम में शिक्षा, नशामुक्ति और पालकों की भूमिका जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। वहीं माताओं की पहल पर नोनी बाबू वंदन योजना की घोषणा भी की जाएगी, जिसके तहत बच्चों की बेहतर शिक्षा और कौशल विकास के लिए सहयोग का संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पालकों को विद्यालय का वार्षिक कैलेंडर वितरित किया जाएगा, जिसमें पूरे वर्ष की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी रहेगी।

विद्यालय के बेहतर संचालन के लिए दस समितियों का गठन किया गया है। प्रत्येक समिति में एक शिक्षक और एसएमडीसी के दो सदस्य शामिल हैं। कार्यक्रम में समिति सदस्यों को दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई जाएगी तथा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाएगा। साथ ही विद्यालय में 75 इंच के स्मार्ट पैनल आधारित स्मार्ट क्लास का लोकार्पण होगा, जिससे ग्रामीण विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा सुविधाओं का लाभ मिलेगा। प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा ने पालकों से स्कूल तिहार का साक्षी बनने की अपील की है।

अगले 24 से 48 घंटे तक गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश की संभावना

# झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे, धान बोनी-रोपाई ने पकड़ी रफ्तार





हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

जिले में शनिवार की शाम से शुरू हुई झमाझम बारिश रविवार तक जारी रही, जिससे खरीफ सीजन की तैयारियों में जुटे किसानों को बड़ी राहत मिली है। शुरुआती दौर में बारिश की कमी से सूखे की आशंका और धान की बोनी-रोपाई प्रभावित हो रही थी, लेकिन पिछले दो दिनों की अच्छी बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी और पानी उपलब्ध हो गया है। इससे जिलेभर में धान की बोनी, नर्सरी और रोपाई का काम तेज हो गया है।

कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा) के वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार रविवार को कुरूद में 64.5 मिमी और भखारा में 51.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधिकांश गांवों में किसान खेतों में उतर चुके हैं। पहले से बोए गए धान के बीजों के अंकुरण और रोपा मताई के लिए भी यह बारिश बेहद लाभकारी मानी जा रही है। लगातार बारिश से तालाबों, नहरों और अन्य जलस्त्रोतों में पानी की आवक शुरू हो गई है, जिससे सिंचाई व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेतों की मेड़ मजबूत रखने, अतिरिक्त पानी की निकासी सुनिश्चित करने तथा लगातार वर्षा के दौरान फिलहाल उर्वरकों का प्रयोग टालने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटे तक जिले में गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई इस बारिश ने अच्छी खरीफ फसल की उम्मीद को मजबूत कर दिया है।

## लगातार हो रही बारिश से मौसम का मिजाज बदला



**नगरी।** नगरी अंचल में बीते शनिवार रात से लगातार हो रही झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। रुक-रुककर शुरू हुई वर्षा देर रात से लगातार जारी रही, वही रविवार को सुबह से दोपहर तक धीमी गति से बारिश हुई जिससे पूरे नगरी में ठंडक घुल गई और लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली।

आज आषाढ़ मास का पांचवा दिन है और लगातार हो रही अच्छी बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। लंबे समय से अच्छी वर्षा का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह बारिश किसी सौगात से कम नहीं है। अब धान की बुआई, रोपाई सहित अन्य कृषि कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। किसान पूरे उत्साह के साथ खेतों की तैयारी में जुट जाएंगे।

### खेतों में लौटी रौनक

बारिश से ग्रामीण क्षेत्र में भी रौनक लौट आई है। खेत-खलिहान पानी से कहीं कहीं लबालब होने लगे हैं, जिससे खरीफ फसल के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। बारिश के कारण जिले का प्राकृतिक सौंदर्य भी निखर उठा है। पेड़-पौधों की हरियाली बढ़ गई है और वातावरण पूरी तरह खुशनुमा हो गया है। छोटे- छोटे बच्चों ने भी मौसम का आनंद लेते हुए बारिश का स्वागत किया।

## अंचल की खबरें

### अब ग्रामीणों को कीचड़ से मिलेगी मुक्ति



**नगरी।** ग्राम भड़सिवना में ग्रामीणों की सहभागिता एवं सामूहिक श्रमदान से कांक्रीट फ्लोरिंग का कार्य हुआ। इस कार्य से बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। श्रमदान अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामीणों ने अपने श्रम से यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयास से विकास कार्यों को प्रभावी और कम लागत में पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम ने बताया कि श्रमदान की यह पहल गांव के अन्य विकास कार्यों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा सामूहिक सहयोग की भावना को और अधिक मजबूत करेगी। यदि इसी प्रकार जनभागीदारी से विकास कार्य किए जाएं, तो गांव का समग्र विकास तेजी से संभव है। मौके पर सरपंच नीलकुमार सूर्यवंशी, ग्राम पटेल धनसाय नागवंशी, अर्जुन नेताम, विजय सूर्यवंशी, सरस्वती नेताम, प्रियंका नेताम, गांधी राम यादव, मुन्ना नागवंशी, करुणा, करिश्मा एवं हिरेंद्र कुंजाम सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

■ भड़सिवना में श्रमदान से हुआ कांक्रीट फ्लोरिंग का कार्य

### प्रधानमंत्री नैंसी, उप प्रधानमंत्री विजय बने



■ शासकीय माध्यमिक शाला सेमरा बी में बाल कैबिनेट का गठन

**जीजामगांव।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, पुस्तकालय मंत्री, स्वच्छता एवं अनुशासन मंत्री, पर्यावरण मंत्री एवं खेल मंत्री के लिए छात्र-छात्राओं ने नामांकन भरा। मतदान प्रक्रिया को समझने के लिए अमिट स्याही, मतपत्र एवं मत पेटी का निर्माण किया गया। नामांकित प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह प्रदान किया गया। बच्चों ने मतदान किया। कुछ समय पश्चात मतगणना प्रारंभ हुई। मतगणना परिणाम के आधार पर बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधानमंत्री नैंसी, उपप्रधानमंत्री विजय साहू, शिक्षामंत्री चंचल ध्रुव, स्वास्थ्य मंत्री मोरध्वज निषाद, पुस्तकालय मंत्री शिवकुमार नेताम, स्वच्छता एवं अनुशासन मंत्री दीपेश चक्रधारी, पर्यावरण मंत्री तोमेश चक्रधारी एवं खेल मंत्री झामेश साहू बने। प्रधानपाठक राजेंद्र टंडन ने कहा कि यह चुनाव प्रक्रिया को सीखने का अच्छा माध्यम है। यह वह समय होता है जब बच्चों में नेतृत्व क्षमता को निखारने का एक अवसर होता है। कार्यक्रम में समन्वयक पंचकुमार ध्रुव, शिक्षक घनश्याम प्रसाद वर्मा, पुरुषोत्तमलाल सेन एवं डगेश्वर प्रसाद साहू की विशेष भूमिका रही।

### नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत




**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरडुला में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें पाठ्य सामग्री प्रदान कर नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अतिथि डोंगरडुला की सरपंच स्मृति नेताम, कल्लेमेटा सरपंच रूपेंद्र मरकाम, राजेंद्र साहू, पैमंत साहू, अनुराज साहू, रघुराम यादव एवं रामसजीवन बघेल थे। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका आभा श्रीवास्तव के अर्धवार्षिकी पूर्ण होने पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों एवं विद्यालय परिवार ने उनके उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्यएमएस जायसिंधु ने की। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पीएल साहू ने किया।

## कुरूद कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित बीज कंपनी में मिला कैंपस प्लेसमेंट

# इंटर्नशिप के बाद चार छात्रों को स्थायी नौकरी, एक छात्र का 3 लाख सालाना पैकेज पर सीधा चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



कृषि शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की दिशा में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र (सीएआरएस) कुरूद ने एक और उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय के पांच विद्यार्थियों का देश की प्रतिष्ठित बीज कंपनी पैन सीड्स प्राइवेट लिमिटेड में कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। इस सफलता से न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे धमतरी जिले का नाम रोशन हुआ है।

कैंपस चयन प्रक्रिया के तहत छात्र कमल कुमार, विकास कुमार, हिमांशी चंद्राकर और गौरव कुमार साहू का चयन रायपुर स्थित प्लांट में दो माह की इंटर्नशिप के लिए किया गया है। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को प्रतिमाह 7 हजार रुपये स्टाइपेंड और निःशुल्क आवास की सुविधा मिलेगी। कंपनी ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद चारों को नियमित कर्मचारी के रूप में नियुक्त करने का आश्वासन भी दिया है। वहीं महाविद्यालय के छात्र नरेंद्र कश्यप का कंपनी की बंजारी (कुरूद) इकाई में ऑफिसर प्लांट क्वालिटी के पद पर सीधा चयन हुआ है। उन्हें 3 लाख रुपये वार्षिक वेतन पैकेज के साथ नियुक्ति दी गई है। कंपनी की ओर से उन्हें भी निःशुल्क आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नवनीत राणा ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत और संस्थान की रोजगारोन्मुखी शिक्षा का परिणाम है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय उद्योगों के साथ समन्वय बढ़ाकर विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायी बताया।

# अध्यक्ष किशोर व उपाध्यक्ष चुनी गईं पुष्पलता

■ सिवनीकला स्कूल में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



शासकीय प्राथमिक शाला सिवनीकला में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच लता ध्रुव एवं जनपद सदस्य टेकराम साहू ने की। इस दौरान शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, स्कूल के समग्र विकास तथा समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। 16 सदस्यों का चयन किया गया। अध्यक्ष किशोर साहू, उपाध्यक्ष पुष्पलता तारक चुने गए। सदस्यों को समिति के अधिकार, कर्तव्य और स्कूल विकास में उनकी भूमिका की जानकारी प्रदान की गई।

अतिथियों ने कहा कि समिति के गठन से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, बच्चों की नियमित उपस्थिति, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन व आभार व्यक्त प्रधानपाठक रुद्रनाथ चंद्राकर द्वारा किया गया।

मौके पर उपसरपंच दीपदान साहू, सरपंच प्रतिनिधि जितेश्वर ध्रुव, अध्यक्ष किशोर साहू, सदस्य दुष्यंत साहू, ललित पटेल, कमलेश साहू, बिसौहाराम, अरूणांचल पटेल, संतोषी तारक, टमेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, तामेश्वरी तारक, हीरा साहू, अश्विनी ध्रुव सहायक शिक्षिका एवं शिक्षक लीलाराम यादव मौजूद रहे।

# पेंशनर्स समाज ने दी शोक संतप्त परिवार को संवेदना राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी




छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के सदस्य एवं सेवानिवृत्त वनपाल स्व. मंगतूराम मरकाम के निधन पर ग्राम कोहिनपारा में आयोजित शोक कार्यक्रम में छग पेंशनर्स समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए समाज की ओर से उनके परिजनों को संवेदना राशि प्रदान की है।

इस अवसर पर छग पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष आरएल देव, पेंशनर्स एवं पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक संयोजक डोमारसिंह ध्रुव, पीआर चंद्रवंशी, डीएस ध्रुव, शोभीराम नेताम, कंजनसिंह ध्रुव, आरएस मरकाम, आरडी नेताम सहित पेंशनर्स समाज, गोंडवाना समाज अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव, संरक्षक रामप्रसाद मरकाम, शकुंतला ठाकुर, सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष उमेश देव, दलगंजन मरकाम, शशि ध्रुव, अजजा शासकीय सेवक संघ प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव, नकुल नेताम, शिवचरण नेताम, रमेश टंडन, जेपी यादव, एमएस जयसिंघू, एमएस कुर्रू, सुरेश ध्रुव, हरक मंडावी, माखन ध्रुव, बुधराम नेताम, मदन सेन, एमएल निषाद, शांति पटेल, सुनीता ध्रुव, बिंदा मरकाम एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## वाल्मीकि महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग अध्यक्ष हरप्रीत सिंह को सौंपा ज्ञापन

# छग में सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ में सफाई कर्मचारी आयोग के गठन तथा सफाई कर्मचारियों की वर्षों से लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग अब तेज हो गई है। इसी क्रम में वाल्मीकि महासभा संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह गिल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने आयोग अध्यक्ष को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ के सफाई कर्मचारी आज भी सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, सम्मानजनक कार्य परिस्थितियों तथा अन्य मूलभूत अधिकारों से जुड़े कई गंभीर मुद्दों का सामना कर रहे हैं। संगठन ने मांग की कि राज्य में शीघ्र सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किया जाए, ताकि कर्मचारियों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान हो सके और उनके अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अध्यक्ष हरप्रीत सिंह गिल ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुना और संबंधित विषयों पर आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल में वाल्मीकि महासभा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन डागौर, प्रदेश प्रवक्ता संदीप डागौर, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुधीर राठौर तथा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अविनाश मारोठे शामिल रहे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# पान सीड्स की 75 हजार बोरी धान बीज की बिक्री पर रोक, नोटिस

## कृषि विभाग ने कुरूद के बंजारी में की बड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

खरीफ सीजन के दौरान किसानों तक गुणवत्तापूर्ण बीज पहुंचाने के अभियान के बीच कृषि विभाग ने कुरूद विकासखंड के बंजारी स्थित पान सीड्स प्रा. लि. पर बड़ी कार्रवाई की है।

निरीक्षण में सामने आई अनियमितताओं के बाद कंपनी के परिसर में रखी करीब 75 हजार बोरी धान बीज के विक्रय, वितरण और उपयोग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। साथ ही कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य स्तरीय निरीक्षण दल ने औचक जांच के दौरान बीजों की ग्रेडिंग, प्रोसेसिंग और पैकेजिंग संबंधी दस्तावेजों की पड़ताल की। जांच में आवश्यक जानकारी जिला कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराने, लाइसेंस में दर्ज किस्मों से अलग धान बीज के भंडारण तथा पैकेजिंग सामग्री के उपयोग में अनियमितताएं मिलने की बात सामने आई। कार्रवाई के दौरान गोदाम में रखे कच्चे और तैयार धान बीज के साथ पैकेजिंग सामग्री के उपयोग और वितरण पर भी रोक लगा दी गई।

वहीं पैक किए गए बीजों के नमूने गुणवत्ता परीक्षण के लिए राज्य बीज परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों की सुरक्षा और प्रमाणित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा।

नियमों का उल्लंघन करने वाले बीज उत्पादकों और विक्रेताओं के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### विधायक आशाराम नेताम ने जनसंपर्क किया व सुनीं सुमस्ययाएं, दिया समाधान



**सरोना।** क्षेत्र के लोकप्रिय साप्ताहिक बाजार में विधायक आशाराम नेताम ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बाजार में पहुंचे व्यापारियों, ग्रामीणों और आमजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। सरोना के साप्ताहिक बाजार में विधायक के जनसंपर्क अभियान को लोगों ने सकारात्मक पहल बताते हुए सराहना की। उपस्थित ग्रामीणों और व्यापारियों ने कहा कि जनप्रतिनिधि द्वारा सीधे बाजार में पहुंचकर समस्याएं सुनना स्वागतयोग्य कदम है। विधायक ने सभी को भरोसा दिलाया कि प्राप्त समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। जनसंपर्क के दौरान विधायक आशाराम नेताम ने व्यापारियों से उनके व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली और कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते आम लोगों की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से भी चर्चा कर क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं और विकास संबंधी सुझावों को सुना। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम, पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत सूरोजिया, जीवन नेताम, अनिल गजपाल, अजय हिरवानी, रामाधार धनकर तथा भाजपा मंडल सरोना के मीडिया प्रभारी अशोक लुनावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### चिरायु दल ने बदला माड़कम का जीवन



**बीजापुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित चिरायु दल ने दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराते हुए गंभीर जन्मजात विकृतियों के उपचार में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। इसी क्रम में जिले के उसूर विकासखंड के ग्राम मीनागट्टा (पामेड) निवासी 15 वर्षीय बालक माड़कम हुंगा को जन्मजात क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट (कटे होंठ एवं तालु) की समस्या से सफलतापूर्वक मुक्ति दिलाई गई। जन्म से ही इस जन्मजात विकृति से पीड़ित था, जिसके कारण उसे भोजन करने, स्पष्ट रूप से बोलने तथा सामान्य सामाजिक जीवन जीने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उच्चस्तरीय उपचार कराना संभव नहीं था। आरबीएसके के अंतर्गत चिरायु दल द्वारा विद्यालय में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बालक की पहचान की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए दल ने तत्काल आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण कर उच्चस्तरीय उपचार के लिए रेफरल की कार्रवाई की गई। बीएमओ एवं बीपीएम उसूर के मार्गदर्शन में चिरायु दल ने 25 जून को बालक को रायपुर स्थित मेडिसिन अस्पताल में भर्ती कराया।

## आमापारा के इतिहास में पहली बार नहीं हुआ जलभराव

# भारी बारिश के बीच निगम मुस्तैद, जल भराव वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पीसी सार्वा

लगातार भारी बारिश के मद्देनजर आम नागरिकों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए निगम प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। निगम अपनी तकनीकी और मैदानी टीम के साथ शहर के बड़े नालों और संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों का लगातार सघन निरीक्षण कर रहे हैं। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यकतानुसार भारी मशीनरी और वृहद कार्यबल को मैदान में उतारा गया है।

जलभराव की किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे शहर के हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं। भारी बारिश के कारण नालों में बहकर आए कचरे और लकड़ियों को हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है।





विजय मोटवानी



अमरचंद जैन



योगेश रायचुरा



प्रकाश गांधी

छोटी-बड़ी नालियों में फंसे मलबे, लकड़ियों और कचरे को जेसीबी मशीनों तथा सफ़ाई कर्मियों के माध्यम से तत्काल साफ किया जा रहा है, ताकि पानी की निकासी बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से हो सके।

इधर भारी बारिश के बावजूद आमापारा इलाके में बारिश का पानी नहीं रुका। लोगों का कहना है कि 80 साल की समस्या से निजात अब मिली है। आमापारा क्षेत्र में बारिश होते ही जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाती थी जिसे लेकर महापौर रामू रोहरा एवं वार्ड पार्षद विजय मोटवानी तथा निगम प्रशासन ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा को स्थिति से अवगत कराया था। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने डीएफ फंड से 10 लाख रुपए की तत्काल स्वीकृति दी। स्वीकृति मिलते ही निगम के अधिकारियों ने आमापारा के बरसाती पानी को तालाब में छोड़ने के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया और लगभग 165 मीटर की पाइपलाइन बिछाई। आमापारा से बरसाती पानी निकल जाए। इसके लिए दो कार्य योजना तैयार की गई। पहली पाइपलाइन बिछाने का कार्य तथा दूसरी बालक चौक के पास स्थित क्रॉस नाला को ऊपर उठाने का कार्य। बालक चौक में बने पुल के नीचे मलबा बार-बार जमा हो जाने के कारण पानी निकासी की समस्या होती थी जिसे देखते हुए इस पर भी कार्य प्रारंभ कर दिया गया। नतीजन दोनों ही कार्ययोजना के चलते आमापारा क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी आसानी से होने लगी है। निगम के इतिहास में पहली बार आमापारा क्षेत्र में जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं हुई।

### नागरिकों ने क्या कहा

पार्षद विजय मोटवानी ने कहा कि वार्ड की सबसे बड़ी समस्या हल हो गई। यकीन नहीं हो रहा है कि समस्या का हल हो गया। लोग आसानी से आवागमन कर रहे हैं। कार्य अभी भी प्रगति पर है। शहर का कायाकल्प होगा।

अधिवक्ता अमरचंद जैन ने कहा कि 80 साल पुरानी समस्या का हल हो गया। आमापारा वार्ड की 90 प्रतिशत समस्या का हल हो गया।

योगेश रायचुरा ने कहा कि आमापारा वार्ड में पहली बार बारिश का पानी नहीं भरा। लोग आराम से आवागमन कर रहे हैं।

प्रकाश गांधी ने कहा कि आमापरा वार्ड में इस बार पानी नहीं भरा, ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर गई। नगर निगम को धन्यवाद।

# सिर्री क्षेत्र में झमाझम बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

- मौसम ने अचानक बदला मिजाज खेत, कुएं, तालाब हुए लबालब

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

सिर्री क्षेत्र में पिछले दो दिन से लगातार हो रही है। शनिवार की रात्रि से लेकर रविवार की शाम तक झमाझम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार को ग्राम संकरी के एक किसान सुबह 7 बजे अपने खेत में हल चलाते बीज बोते नजर आए और वहीं दूसरे दिन लबालब पानी से उनका खेत भर गया है। 1 हफ्ते पहले मौसम ने गर्मी का कहर बरपाया था। अचानक मौसम ने अपना मिजाज बदलते हुए अंचल में झड़ी लगा दी है। जहां एक ओर बारिश से जल स्त्रोतों में पानी की उपलब्धता बढ़ी है, कुएं, तालाब भर चुके हैं, वहीं दूसरी ओर अत्यधिक वर्षा के कारण खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई है। इससे धान सहित अन्य खरीफ फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। कुछ हफ्ते पहले ही किसानों ने बुवाई की है जो अभी तक कहीं कहीं पर जारी है।

### जल निकासी व्यवस्था हुई बाधित

किसानों का कहना है कि कई खेतों में पानी के लंबे समय तक जमा रहने से फसल की बुवाई प्रभावित हो रही है। वहीं कच्चे खेत मार्ग कीचड़ में तब्दील होने से कृषि कार्यों के लिए ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्रों का उपयोग भी मुश्किल हो गया है। लगातार बारिश के कारण गांव की छोटी नालियां और जल निकासी व्यवस्था भी बाधित हो गई है। खेतों से पानी निकल नहीं पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह लगातार बारिश होती रही तो खरीफ सीजन की फसल को भारी नुकसान हो सकता है।



शनिवार : हल चलाता किसान



रविवार : लबालब भरा खेत

# मौरीखुर्द के दर्जनों घरों में भरा बारिश का पानी





- निर्माणाधीन रोड के चलते पुरानी नाली जाम, ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत दहदहा के आश्रित ग्राम मौरीखुर्द के वार्ड क्रमांक 11 भाटापारा ठाकुरदेव चौक में निर्माण कार्य के दौरान बरती गई घोर लापरवाही के कारण दर्जनों घरों में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए हैं।

दरअसल मौरीखुर्द से ग्राम सिरसिदा तक नई सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा नवनिर्माण के दौरान सड़क के दोनों तरफ पूर्व से बनी पानी निकासी की नाली को मुरूम और मिट्टी डलवाते समय पूरी तरह से पाट दिया गया।

नाली बंद होने के कारण बारिश के पानी की निकासी रुक गई और पूरा पानी ग्रामीणों के घरों में घुस गया।

इस लापरवाही की वजह से वार्ड के भोलाराम साहू, धनसिंह नेताम, पंचू नेताम, देव कुमार नेताम, शिवराज नेताम और शिवदयाल नेताम के घरों में 3 फीट तक पानी भर गया है, जिससे घर में रखा राशन और अन्य कीमती सामान पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। ठेकेदार की इस मनमानी और गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण प्रभावित परिवार सहित पूरे गांव में गहरा आक्रोश है। पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल बंद नाली को साफ करवाकर जलभराव की समस्या से निजात दिलाई जाए।

# गुरु का नाम ही जीवन का सच्चा आधार



**धमतरी।** श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के 140वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित चालीहा महापर्व का 26वां दिन शनिवार को श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अमरापुर निवासी स्व. परचामलजी के पुत्र अशोक कुमार एवं उनके परिवार ने रोहन के जन्मदिन पर चालीसा पाठ का आयोजन कराया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक प्रार्थना, गुरु प्रार्थनाष्टक और दुख निवारण अष्टक के पाठ से हुई। सत्संग में संतजी ने भजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को बताया गया कि मानव जीवन क्षण भंगुर है और गुरु का नाम ही जीवन का सच्चा आधार तथा मुक्ति का मार्ग है। गुरु की शरण में रहकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। भजन के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर गुरु महिमा का गुणगान करते रहे।




## अंचल की खबरें

### हाईस्कूल सोरिदभाट के दो पूर्व छात्रों का अग्निवीर में चयन



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल सोरिदभाट के दो पूर्व विद्यार्थियों का भारतीय सेवा अग्निवीर योजना के तहत चयन हुआ है। दीपेश कुमार पिता रोशन कुमार साहू तथा दुर्गेश नागवंशी पिता भुनेश्वर नागवंशी का चयन भारतीय सेना अग्निवीर में चयन हुआ है। प्राचार्य डीके देवांगन ने कहा कि यह विद्यालय की बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह सफलता दूसरे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगा। दोनों छात्रों को प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा विद्यालय में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता सुनील महावर , महेश मगेन्द्र, ज्योति विबियाना मिंज, पूनम मानकर, रूपेश साहू, संगीता सोनी, दुर्गा सिन्हा, भगवती ठाकुर, शाला विकास समिति के सदस्य रामकुमार साहू, रामनाथ यादव, मकसूदन सिन्हा ने हर्ष जताया है।

### महिला मोर्चा की बैठक में डिजिटल प्रशिक्षण पर जोर




**धमतरी।** डॉ बीथिका विश्वास भाजपा महिला मोर्चा की रायपुर शहर जिला प्रभारी बनाई गई है। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ महिला मोर्चा बूथ से प्रदेश स्तर पर डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला मोर्चा की एकात्म परिसर रायपुर जिला में बैठक हुई जिसमें बीथिका विश्वास भी शामिल हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल थे। रायपुर शहर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती कृतिका जैन के नेतृत्व में बैठक हुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से महिलाओं को बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन के कार्यों को संचालित करने एवं भाजपा के इतिहास, विचारधारा एवं रीति नीति कार्य पद्धति को कार्यकर्ताओं तक सुचारू रूप से पहुंचाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य वक्ता श्री जामवाल ने कहा कि महिलाएं दोहरी जवाबदारी का बखूबी निर्वहन करती हैं। पार्टी और परिवार में समन्वय बनाकर समाज में अपना योगदान देती हैं।

### नितिन पिंकी यदु छग प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी का प्रदेश महामंत्री नियुक्त



**नगरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सिहावा नगरी क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नितिन पिंकी यदु को छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा एवं जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के अनुमोदन तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जारी नियुक्ति पत्र में नितिन पिंकी यदु को पार्टी और किसान हितों के लिए काम करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की खबर मिलते ही सिहावा-नगरी क्षेत्र में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में किसान कांग्रेस को नई मजबूती मिलेगी और वनांचल के किसानों की आवाज प्रदेश स्तर पर और बुलंद होगी। वहीं नितिन पिंकी यदु ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। किसान, मजदूर और गरीब की लड़ाई को और तेज करूंगा।

### 25 साधकों ने सवा लाख गायत्री महामंत्र का किया अनुष्ठान



**धमतरी।** माताजी के जन्म शताब्दी अभियान अंतर्गत डाकबंगला वार्ड में श्रीमती पद्मिनी साहू के निवास में गायत्री महिला मण्डल के 25 साधकों द्वारा पिछले तीन दिनों में सवा लाख गायत्री महामंत्र का अनुष्ठान किया गया, जिसका आज एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ पूर्णाहुति कर समापन किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि गायत्री साक्षात कामधेनु है। गायत्री मंत्र की नियमित साधना से मनवांछित फल की प्राप्ति के साथ जीवन की समस्याओं का समाधान होता है। पद्मिनी साहू की पुत्री पुष्पांजलि साहू का जन्म दिन मनाया गया। मौके पर नमिता देवांगन, गीता साहू, सावित्री पटेल, शकुन कश्यप, चन्द्र प्रभा साहू, साक्षी देशमुख, सुभाषिनी साहू, यशोदा साहू,संगीता साहू, लक्ष्मी साहू, प्रमिला साहू, अलका तारम, हेमलता सिन्हा, यशोदा सार्वा, विमला साहू, रुक्मणि साहू, शिवरात्रि सिन्हा, चमेली साहू, त्रिवेणी साहू व प्रदीप देवांगन, मोहन गंजीर, आरके तारम मौजूद थे।

### कोलियारी में गरीबों का घर नहीं टूटने दूंगा : ओंकार



**धमतरी।** रायपुर के नकटी गांव में हुई बुलडोजर कार्रवाई के बाद अब धमतरी जिले के ग्राम कोलियारी में अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक तैयारी को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश और भय है। राजस्व विभाग द्वारा 50 से अधिक मकानों को सरकारी भूमि से हटाने के लिए नोटिस जारी किए जाने के बाद ग्रामीण बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों की चिंता को देखते हुए विधायक ओंकार साहू ग्राम कोलियारी पहुंचे और मौके का निरीक्षण कर ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनके आशियाने को उजड़ने नहीं दिया जाएगा और वे उनके अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेंगे। विधायक ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर स्पष्ट निर्देश दिए कि गांव में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ या बुलडोजर कार्रवाई नहीं की जाए तथा पहले ग्रामीणों की बात सुनी जाए और मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार गरीबों को रुलाने और उनका आशियाना उजाड़ने का काम कर रही है। सरकार को गरीबों के सिर से छत छीनने के बजाय उनके अधिकारों की चिंता करनी चाहिए। किसी भी गरीब परिवार के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर खिलेन्द्र ध्रुव, सरपंच ज्योति सोनकर, धर्मेंद्र पटेल, श्रीराम ध्रुव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


बठेनापारा वार्ड में भरा पानी


रामपुर वार्ड के डबरीपारा में घर में घुसा पानी


विमल टॉकीज रोड में भरा पानी


पुराना बैला बाजार क्षेत्र में भरा पानी

## खबर संक्षेप

### पद्म विभूषण तीजन बाई का निधन लोककला जगत के लिए अपूरणीय क्षति : राजेश

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को अपनी विलक्षण प्रतिभा, ओजस्वी वाणी और अद्भुत अभिनय के माध्यम से देश-विदेश में नई पहचान दिलाने वाली पद्मश्री, पद्मभूषण एवं पद्म विभूषण से सम्मानित प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई के निधन पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति स्थायी आमंत्रित सदस्य पं. राजेश शर्मा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे भारतीय लोककला, संस्कृति और छत्तीसगढ़ की अस्मिता के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। पं. राजेश शर्मा ने कहा कि तीजन बाई केवल एक लोक कलाकार नहीं थीं, बल्कि वे भारतीय संस्कृति, महाभारत की अमर परंपरा और छत्तीसगढ़ की लोक चेतना की सशक्त पहचान थीं। उन्होंने अपने स्वर, अभिनय और अद्वितीय प्रस्तुति से पंडवानी जैसी लोक विधा को गांव-गांव से निकालकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाया। उनके कारण पूरी दुनिया ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जाना और सराहा।


■ अपनी विलक्षण प्रतिभा से देश-विदेश में बनाई पहचान

### सर्पदंश से महिला की हो गई मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत भोथा निवासी 65 वर्षीय खोरिन बाई दर्रो पति हरिसर दर्रो का सर्पदंश के कारण मौत हो गया। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका को सांप ने काट लिया था, जिसके कारण उसकी 4 जुलाई को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### डूबने से बच्चे की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत कोलियारी निवासी 15 वर्षीय दिनेश कुमार गोटा पिता सुकदेव गोटा का मौत 4 जुलाई को डूबने से हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक नदी के पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### महिला से 5.5 लीटर शराब जब्त

**कांकेर।** थाना कोरर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम कोकानपुर निवासी 32 वर्षीय रामबत्ती जैन के कब्जे से 5.500 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब तथा शराब बिक्री से प्राप्त 150 रुपये नगद जब्त किए हैं। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि आरोपी अपने घर की बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रही है। तलाशी के दौरान प्लास्टिक डिब्बे में रखी महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत 550 रुपये आंकी गई। साथ ही बिक्री की रकम 150 रुपये भी जब्त की गई। पुलिस ने शराब व नगदी को जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया।

कई वार्डों में भरा पानी, लोग हुए परेशान

# 18 घंटे की मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित

**धमतरी।** शनिवार की देर रात से शुरू हुई लगातार करीब 18 घंटे की मूसलाधार बारिश ने धमतरी शहर की जल निकासी व्यवस्था की परीक्षा ले ली। कई वार्डों की सड़कें, गलियां और निचले इलाके पानी में डूब गए, जबकि अनेक घरों में पानी घुसने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर नागरिकों को स्वयं पानी निकासी की व्यवस्था करनी पड़ी। हालांकि कुछ वार्डों में पूर्व तैयारियों और नालों के सुधार कार्यों के कारण जलभराव नहीं होने से लोगों को राहत भी मिली। दूसरी ओर अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी लौट आई है।

### बारिश ने बिगाड़ी शहर की रफ्तार

लगातार हुई तेज बारिश से शहर का सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। प्रमुख सड़कों पर पानी भरने से आवागमन बाधित हुआ और कई स्थानों पर दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। रविवार होने के कारण बाजारों में भीड़ कम रही, लेकिन आवश्यक कार्यों से निकलने वाले लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ा। निचले इलाकों में पानी जमा होने से लोगों को घंटों घरों में ही रहना पड़ा।

### विमल टॉकीज मार्ग और अन्य क्षेत्रों में जलभराव

देवश्री और विमल टॉकीज रोड सहित कई स्थानों पर घुटनों तक पानी भर गया। सड़क पर जलभराव होने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही और दुकानदारों को भी नुकसान उठाना पड़ा। रिसाईपारा सहित अन्य निचले क्षेत्रों में भी पानी देर तक जमा रहा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने माना कि कुछ इलाकों में जल निकासी व्यवस्था को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है, जिसके लिए नई कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

### कुछ वार्डों में मिली राहत

भारी बारिश के बीच आमापारा वार्ड सहित कुछ क्षेत्रों में स्थिति सामान्य बनी रही। समय पर नालियों की सफाई, जल निकासी मार्गों के रखरखाव और पूर्व तैयारियों के कारण यहां बारिश का पानी अधिक देर तक नहीं रुका। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पहले जहां हर वर्ष जलभराव होता था, वहीं इस बार आवागमन सामान्य रहा। जनप्रतिनिधियों ने इसे पूर्व नियोजित कार्यों और नियमित निगरानी का परिणाम बताया।

### बठेना वार्ड में निकासी बाधित होने से बढ़ी परेशानी

बठेना वार्ड में बड़ी रेलवे लाइन निर्माण कार्य के दौरान मुख्य जल निकासी मार्ग प्रभावित होने से पहली ही तेज बारिश में कई मोहल्लों में पानी भर गया। जेल रोड, श्याम नगर कॉलोनी, नहर पार क्षेत्र और अन्य निचले इलाकों में जलभराव के कारण लोगों के घरों तक पानी पहुंच गया। रहवासियों ने बताया कि पानी के साथ गंदगी, कीड़े-मकोड़े और सांपों का खतरा भी बढ़ गया है। वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि समय रहते समस्या की ओर ध्यान दिलाने के बावजूद स्थायी व्यवस्था नहीं की गई।

### बारिश से किसानों के चेहरे खिले

शहर में जलभराव ने जहां लोगों की मुश्किलें बढ़ाईं, वहीं लंबे इंतजार के बाद हुई अच्छी बारिश से किसानों में उत्साह देखा गया। खेतों में पर्याप्त नमी आने से खरीफ फसलों की बुवाई को गति मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। दूसरी ओर शहर के प्रभावित वार्डों के नागरिकों ने मांग की है कि हर वर्ष होने वाली जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। लोगों का कहना है कि अस्थायी इंतजाम की जगह मजबूत ड्रेनेज सिस्टम, नालों का नियमित रखरखाव और अधूरे निर्माण कार्यों को समय पर पूरा किया जाए, ताकि भविष्य में भारी बारिश के दौरान शहरवासियों को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### डबरीपारा में घरों तक पहुंचा पानी

रामपुर वार्ड के डबरीपारा क्षेत्र में सबसे गंभीर स्थिति देखने को मिली। डबरी का जलस्तर बढ़ने से आसपास के कई घरों में पानी घुस गया। कुछ मकानों में लगभग एक फीट तक पानी भरने से घरेलू सामान प्रभावित हुआ और बर्तन तक पानी में तैरते नजर आए। स्थानीय लोगों ने बताया कि जल निकासी के लिए लगाए गए पंप खराब होने के कारण समस्या और बढ़ गई। बाद में रहवासियों ने स्वयं प्रयास कर एक मोटर चालू कर पानी निकासी शुरू कराई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह समस्या वर्षों पुरानी है और स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया है।

## श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड में जलभराव नहीं


शहर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड में रविवार को हुई बारिश के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति नहीं बनी। समय रहते नालियों और नालों की सफाई तथा जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने का लाभ वार्डवासियों को मिला और बारिश का पानी आसानी से निकल गया।

वार्ड पार्षद कुशल लोढ़ा के नेतृत्व में मानसून से पहले विशेष सफाई अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान नालियों से गाद, कचरा और झाड़-झंखाड़ हटाकर जल निकासी मार्गों को पूरी तरह साफ किया गया। सार्वजनिक स्थलों, गार्डन और प्रमुख मार्गों की भी व्यापक सफाई कर स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाया गया। नागरिकों की मांग पर विभिन्न स्थानों से कचरे का नियमित उठाव भी कराया गया।

वार्ड में रात्रिकालीन आवागमन को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक स्थानों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की गई। सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई के साथ मच्छरों एवं संक्रमण फैलाने वाले कीटों की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव भी कराया गया।

पार्षद श्री लोढ़ा ने बताया कि मानसून के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पहले से ही सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई थीं।

वार्डवासियों ने कहा कि समय पर हुई सफाई और जल निकासी की व्यवस्था के कारण इस बार बारिश में जलभराव की समस्या नहीं हुई, जिससे आवागमन सुचारु बना रहा।





▸ बारिश पूर्व जल निकासी व्यवस्था हुई थी दुरुस्त

# लगातार बारिश से जलमग्न हुआ कुरुद नगर





■ मोहल्लों में घुटने तक भरा पानी, दिनभर घरों में कैद रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

शनिवार रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने कुरुद नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। रविवार तक लगातार जारी रही इस बारिश की वजह से नगर के कई प्रमुख मोहल्लों और मुख्य मार्गों पर घुटने तक पानी भर गया है, जिससे लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं।

बारिश के चलते कुरुद के दानीपारा, तहसीलपारा, पचरीपारा, संजय नगर, बैगापारा और इंदिरा नगर जैसे रिहायशी इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति नर्मिति हो गई। सड़कों पर घुटनों तक पानी जमा होने के साथ-साथ कई घरों में नालियों का गंदा पानी घुस गया, जिससे लोगों का घरेलू सामान खराब हो गया। हद तो तब हो गई जब सिविल अस्पताल के प्रवेश द्वार तक पानी पहुंच गया, जिससे मरीजों और डॉक्टरों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### मुख्य मार्ग बने समंदर राहगीर परेशान

नगर में सबसे गंभीर स्थिति भाजपा कार्यालय से लेकर केनाल रोड तक देखने को मिली, जहां सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई। इसके अलावा पुरानी मंडी, स्वीपर कॉलोनी और दानीपारा जाने वाले मार्गों पर भी भारी जलभराव के कारण यातायात ठप रहा और लोगों को लंबे चक्कर काटकर दूसरे रास्तों का सहारा लेना पड़ा।

### विधायक प्रतिनिधि व्यवस्था बहाल करने जुटे रहे

जब कुरुद नगर के जलमग्न होने के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगीं, तब सूचना पाकर विधायक प्रतिनिधि एवं नवनियुक्त एल्डरमैन भानू चन्द्राकर ने नगर पालिका की टीम के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने भाजपा कार्यालय व केनाल रोड सहित विभिन्न जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को नालियों की रुकावटें तत्काल साफ करने के निर्देश दिए। रविवार सुबह से ही अमला जल निकासी बहाल करने में जुटा रहा, जिसके बाद कुछ इलाकों से पानी उतरना शुरू हुआ।

### निर्माण में तकनीकी खामी और अतिक्रमण बना मुसीबत

स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि नगर में नालियों का निर्माण वैज्ञानिक ढंग से सड़क के स्तर और ढलान को ध्यान में रखकर नहीं किया गया है। कई जगहों पर नालियां सड़क से ऊंची बना दी गई हैं, जिससे पानी नालियों में जाने के बजाय सड़कों पर बहता है। नालियों पर हुए अवैध अतिक्रमण के कारण पानी का प्राकृतिक बहाव रुक गया है, जिससे हर साल यह नौबत आती है।

### आपदा प्रबंधन अमला अलर्ट स्थायी समाधान की मांग

प्रशासन के मुताबिक कुरुद क्षेत्र में रातभर में भारी बारिश दर्ज की गई है, जिसके चलते आपदा प्रबंधन से जुड़े अमले को अलर्ट पर रखा गया है। दूसरी ओर कुरुद के नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस सालाना समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए नगर की जलनिकासी व्यवस्था को नए सिरे से वैज्ञानिक ढंग से विकसित किया जाए ताकि भविष्य में जनता को इस मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना से न गुजरना पड़े।

# एल्डरमैनों ने डॉ. रमनसिंह एवं अजय चंद्राकर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर पालिक निगम के सभी नवनियुक्त एल्डरमैन ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं कुरूद विधयक अजय चंद्राकर से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर एल्डरमैनों ने नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त करते हुए नगर के विकास, स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने सभी एल्डरमैन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, नागरिकों से सतत संवाद बनाए रखने तथा विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करें। इस दौरान नगर के समग्र विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। मौके पर एल्डरमैन अशोक सिन्हा, प्राची सोनी, अरविंदर मुंडी, रितिका यादव, भागवत यादव, दिलीप पटेल, सीमा चौबे, विजय ठाकुर मौजूद थे।




### परसापानी में गंधर्व समाज महिला प्रकोष्ठ का गठन

**नगरी।** परसापानी में गंधर्व समाज के महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और महिला सदस्यों की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाजहित, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और संगठन को मजबूत बनाने के लिए निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकता, विकास और सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। नई कार्यकारिणी ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर शिक्षा के प्रसार, युवाओं के मार्गदर्शन, महिला सशक्तिकरण तथा संगठनात्मक मजबूती के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया।

# भाठागांव स्कूल में सामूहिक ज्ञान दीक्षा संस्कार महोत्सव

**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव में विद्यार्थियों के सर्वांगीण एवं चहुमुखी विकास के लिए सामूहिक ज्ञान दीक्षा संस्कार महोत्सव का कार्यक्रम हुआ। मुख्य आनंद श्रीवास्तव अखिल विश्व गायत्री परिवार स्वयंसेवक थे। विद्यार्थियों व एनएसएस के स्वयं सेवकों को करियर निर्माण व संस्कार के लिए मार्ग प्रशस्त किया गया। केवल अध्ययन ही नहीं बल्कि समस्त गतिविधियों में अपनी हिस्सेदारी और एक सफल इंसान बनने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य एलआर निषाद ने भी विद्यार्थियों को करियर निर्माण के साथ-साथ माता-पिता, गांव, जिला व राज्य का नाम रोशन करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने भाग लेकर नशामुक्ति व संस्कारी बनने की शपथ ली। विशिष्ट अतिथि बंशीलाल यदु व साधना देवांगन ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। मंच संचालन हरीश देवांगन शिक्षक शारीरिक शिक्षा तथा आभार प्रदर्शन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजयेंद्र चक्रधारी ने किया। मौके पर शाला प्रबंधन समिति के पालक सदस्य अखिलेश्वरी मानिकपुरी, श्रद्धा जैन व छबिला साहू समेत अन्य मौजूद रहे।















